Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to check the increasing incidents of tiger attack on humans in Gadchiroli district, Maharashtra-laid.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली संसदीय क्षेत्र में बाघों ने आतंक मचाया हुआ है और वे ग्रामीणों पर जानलेवा हमले कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी भय व्याप्त है । वर्तमान में गढ़चिरौली जिले के वन क्षेत्र में अचानक हुए बाघों के घातक हमलों ने क्षेत्र के 18 से अधिक गांवों में दहशत का माहौल बना दिया है और गढ़चिरौली महाराष्ट्र राज्य में सबसे बड़ा मानव-पशु संघर्ष हॉटस्पॉट के रूप में उभरकर सामने आया है! गढ़चिरौली जिले में विगत महीनों में बाघों ने दर्जनों घातक जानलेवा हमले किए हैं, जिनमें दर्जनों स्थानीय लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी हैं । गढ़चिरौली के उत्तर और मध्य भागों में बाघ दिन के उजाले मे नियमित रूप से देखे जाते हैं और वडसा रेंज मानव-बाघ संघर्ष का केन्द्र बन गया है । जबकि, कुछ वर्षों पहले तक, महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली वन क्षेत्र में स्थानीय लोगों को अपने खेतों में खेती करने के लिए जंगलों के अंदर जाने, फल लेने और जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने से कोई डर नहीं होता था । लेकिन, अब स्थिति यह है कि गढ़चिरौली जिले में बाघों की मौजूदगी और उनके घातक हमलों के कारण स्थानीय लोग घबराए हुए हैं, भ्रमित हैं और खेतों में जाने से डर रहे हैं और अंधेरा होने के बाद अपने घरों से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय जनपद गढ़चिरौली के लोगों की बाघों से संरक्षा किए जाने हेतु अविलम्ब कारगर कदम उठाकर मानव जीवन की रक्षा की जाए ।